दैनिक हिंदमाता मिरर सोमवार, १४ मार्च २०१६

घर-व्यवसाय में मदद करने वाली महिलाओं का सम्मान

डोंबिवली (संवाददाता)-

एक कहावत कि हर कामयाब शख्स के पीछे किसी एक और शख्स का हाथ होता है। अक्सर देखा गया है कि कामयाब शख्स उनको भूल जाते है, जिनकी वजह से वो आज कामयाब है। इस बात को झूठा साबित करते हुये ओम हॉस्पिटल की डॉ. वंदना धाकतोडे ने अपने वैद्यकीय व्यवसाय की व्यस्त जीवन शैली में घर और व्यवसाय में अमूल्य मदद करनेवाली महिलाओं का सत्कार किया। जागतिक महिला दिन के अवसर पर ११ मार्च को डोंबिवली जिमखाना में ओम हॉस्पिटल के अंतर्गत सांस्कृतिक समारंभ आयोजित किया गया था।

उस समय ऐसी महिलाओं का सत्कार किया गया। सत्कार के समय सत्कार मूर्ति महिलाओं के आंखों मे आंसू आ गये। इस समय जागतिक महिला दिन को मनाते हुये महिला डॉक्टरों ने खूब मनोरंजन किया। भारती मुले, पूनम आंबरे, शालन कांबले, जॉली नायर, कविता सुर्वे इन महिलाओं का सत्कार डॉ.वंदना धाकतोडे के हाथों किया गया। शल्यचिकित्सक डॉ. धाकतोडे के ओम हॉस्पिटल में ये महिलायें काम करती है। अलोपथी, आयुर्वेद, होमियोपथी इन विभिन्न चिकित्सा पध्दति की स्त्री डॉक्टरों ने ओम हॉस्पिटल के अंतर्गत ये कार्यक्रम आयोजित किया था। जागतिक महिला दिन पर सभी ने एक साथ आकर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वैद्यकीय व्यवसाय की व्यस्त जीवनशैली मे अपने अंदर के दूसरे कलागुणों को यहां प्रस्तुत किया। डोंबिवली की लगभग १०० महिला डॉक्टर इस कार्यक्रम में सहभागी हुयी थी। ओम हॉस्पिटल के अंतर्गत जागतिक महिला दिन मनाते हुये गंभीर चेहरे से रोगों का निदान करके कड़वी दवा मरीज़ों को देकर उनके स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखते हुये तो देखा होगा, लेकिन यही डॉक्टर जब मंच पर उतरीं तो बड़े-बड़े कलाकारों के पसीने छूट जाने वाले परफॉर्मन्स करके उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया। इसमें डांस के अनेक प्रकार जैसे फ्री स्टाइल डांस, मराठी लावणी, सांस्कृतिक डांस, ग्रुप डांस और फैशन शो से सबका मन जीत लिया। इसमें डॉ. चारुमित्रा रानडे, डॉ. माधुरी बहिरट, डॉ. रुपाली भिंगारे इनका विशेष सहकार्य मिला।

अवैध निर्माण करने

भिवंडी (संवाददाता) -

अवैध निर्माणों के विरुद्ध मनपा द्वारा कार्रवाई करने के बावजूद भिवंडी में अवैध निर्माण दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। जिसके पीछे मनपा के सख्त नियम एवं अधिकारियों की लापरवाही बताई जा रही है। इसी प्रकार नारपोली स्थित प्रभाग समिति क्रमांक-चार के अंतर्गत विठ्ठलनगर क्षेत्र में बिना मनपा से परमिशन लिए ही अवैध रूप से आरसीसी निर्माण करनेवाले बिल्डर सहित तीन लोगों के

विरुद्ध नार...

मनपा... टावरे द्वारा... अवैध रूप... पर आरसी... निर्माण की... क्रमांक- ४... ने जब वि... तो पता च... का परमि...